50/2021/I-66203/2021

प्रेषक,

आलोक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0, शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक 20 मई, 2021

विषयः-पीडियाट्रिक्स आर्थोपेडिक सर्जरी विभाग के0जी0एम0यू0, लखनऊ में जूनियर रेजीडेन्ट के पदों का सृजन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-14622/योजना अनु0/2021, दिनांक 20.03.2021 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ के पीडियाट्रिक्स आर्थोपेडिक सर्जरी विभाग में निम्न विवरणानुसार जूनियर रेजीडेन्ट के 02 पदों को अस्थायी रूप से दिनांक-28 फरवरी, 2022 तक के लिए, बशर्ते इन पदों को इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाए, सृजित किये जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

पदनाम	**पदों की संख्या**	**वेतनमान रू0 में (As per 6th pay/7th pay)**
जूनियर रेजीडेन्ट	02	15600-39100 (ग्रेड पे रू0 5400)/लेवल-10

2- सृजित किये जा रहे पदों पर नियुक्ति निर्धारित अर्हता/कार्यात्मक तथा वास्तविक आवश्यकता एवं मानकानुसार किये जाने का पूर्ण दायित्व कुलसचिव, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ का होगा।

3- कुलसचिव, के0जी0एम0यू0 द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि सृजित किये जा रहे उक्त पदों के पदनाम एवं वेतनमान नियमानुसार सही है।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-31-चिकित्सा विभाग के लेखाशीर्षक' 2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य'105-एलोपैथी-03-शिक्षा-0366-किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश-31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन)' के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या- ई-3-101-दस-2021, दिनांक 29 अप्रैल, 2021 द्वारा में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या-उपरोक्त-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1) महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद ।
2) प्रधान महालेखाकार, (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद ।
3) मुख्य कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट लखनऊ।
4) महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
5) वित्त अधिकारी, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।
6) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-4।
7) स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0।
8) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कुलदीप कुमार रस्तोगी)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

Filename:	50
Directory:	C:\Users\me-2\Documents
Template:	C:\Users\me-2\AppData\Roaming\Microsoft\Templates\Normal.dotm
Title:	
Subject:	
Author:	ajai
Keywords:	
Comments:	
Creation Date:	5/20/2021 2:22:00 PM
Change Number:	3
Last Saved On:	5/20/2021 5:15:00 PM
Last Saved By:	me-2
Total Editing Time:	0 Minutes
Last Printed On:	5/20/2021 5:15:00 PM

As of Last Complete Printing

Number of Pages:	2
Number of Words:	358 (approx.)
Number of Characters:	2,044 (approx.)